उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

फोन नं0 9084023707, 9045378835 वेबसाइट www.usvv.ac.in

पत्रांक/329 /शि0शा0प्रवेश/2026 दिनांक 20 फरवरी, 2026

शिक्षाशास्त्री (बी0एड0) प्रवेश सूचना शैक्षिक सत्र 2026–28

द्विवर्षीय पाठ्यक्रम 2026–28 के लिए शिक्षाशास्त्री (बी0एड0) संस्कृत की 50 सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। जिसके लिए आवेदन पत्र दिनांक 25 फरवरी, 2026 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। सम्यक् रूप से प्रपूरित आवेदन पत्र दिनांक 20 अप्रैल, 2026 सायं 5:00 बजे तक विश्वविद्यालय को अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिये। विस्तृत विवरण एवं प्रवेश विवरणिका विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in पर उपलब्ध है।

कुलसचिव

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

UTTRAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY,HARIDWAR

बहादराबाद, हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग,

HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY

पो0–बहादराबाद (हरिद्वार) 249402

P.O. : BAHADARABAD (HARIDWAR)-249402

E-mail : registrar@usvv.ac.in Website : www.usvv. ac.in

दिनांक 20 फरवरी, 2026

प्रेस विज्ञप्ति
शिक्षाशास्त्री (बी0एड0) प्रवेश सूचना शैक्षिक सत्र 2026–28

इस विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2026–28 शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) द्विवर्षीय पाठ्यक्रम की परम्परागत एवं आधुनिक धारा (स्नातक/परास्नातक संस्कृत विषय सहित) से सम्बद्ध संस्कृत छात्रों के लिए 50 सीटों पर प्रवेश हेतु एतद्द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से डाउनलोड कर सामान्य, EWS एवं अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु रू. 600.00 (छः सौ रूपये मात्र) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु रू. 300.00 (तीन सौ रूपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाकर भरे जा सकते हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अन्तिम तिथि 20 अप्रैल, 2026 सायं 05:00 बजे तक विश्वविद्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। प्रवेश परीक्षा दिनांक 10 मई, 2026 को प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, परिसर, हरिद्वार में आयोजित की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि परीक्षा तिथि तथा परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना वेबसाइट द्वारा दी जायेगी। प्रवेश पत्र मात्र वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे जिन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। पृथक् से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेगें।

आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षिक अंक पत्र, प्रमाण पत्र, स्थाई निवास/मूल निवास व अधिभार अंक संबंधी प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वयं प्रमाणित कर **निर्धारित शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर (वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के नाम) अथवा वित्त नियंत्रक, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के बैंक अकाउण्ट संख्या–50100058601274 आई.एफ.एस.सी. कोड–HDFC0000943 में ऑनलाइन/नेट बैंकिंग के द्वारा भुगतान** कर उसकी रसीद आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न कर **कुलसचिव, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग, बहादराबाद, हरिद्वार पिनकोड –249402 के पते पर** अन्तिम तिथि तक प्राप्त हो जाने चाहिए। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

अर्हता – शास्त्री/बी.ए. (संस्कृत विषय सहित) अथवा आचार्य/एम.ए. (संस्कृत विषय में) न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों सहित। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 05 प्रतिशत की छूट होगी। आरक्षण राज्य सरकार के नवीनतम शासनादेशों के अनुसार दिया जायेगा।

निर्देश – प्रवेश संबंधी विस्तृत विवरण प्रवेश विवरणिका में देखें।

20.02.26

कुलसचिव